प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 19.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1—केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बाईस जून को नवा रायपुर में नेशनल फॉरेंसिक साईंस यूनिवर्सिटी के स्थायी कैम्पस का भूमिपूजन करेंगे।

2—अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर इक्कीस जून को राज्यपाल रमेन डेका रायपुर और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल।

3— विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस पर आज प्रदेश सहित देशभर में आयोजित किए जा रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम।

4—प्रदेश में कल एक—दो स्थानों पर अंधड़ चलने, बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**केन्द्रीय गृहमंत्री—छत्तीसगढ़**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आगामी बाईस जून को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर रायपुर आएंगे। इस दौरान श्री शाह नवा रायपुर में नेशनल फॉरेंसिक साईंस यूनिवर्सिटी के स्थायी कैम्पस का भूमिपूजन करेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि केन्द्रीय गृहमंत्री अपने प्रवास के दौरान अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे।

केन्द्रीय गृहमंत्री छत्तीसगढ़ की आंतरिक सुरक्षा, माओवाद प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति और सुरक्षा बल के जवानों की चुनौतियों को लेकर भी गहन समीक्षा करेंगे। साथ ही वे माओवादी मोर्चे पर तैनात जवानों से सीधा संवाद और शहीद जवानों के परिजनों से भी मुलाकात करेंगे।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

इक्कीस जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। इस अवसर पर जिला मुख्यालयों में आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथियों की घोषणा कर दी गई है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सूची जारी कर दी गई है। राज्यपाल रमेन डेका राजधानी रायपुर और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर जिले के रणजीता स्टेडियम में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर श्री साय जिले के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े करेंगी।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव मुंगेली और विजय शर्मा कबीरधाम जिले में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू बिलासपुर, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव, मंत्री रामविचार नेताम बलरामपुर—रामानुजगंज, दयालदास बघेल बेमेतरा, केदार कश्यप नारायणपुर, लखनलाल देवांगन कोरबा, श्यामबिहारी जायसवाल मनेन्द्रगढ़—चिरमिरी—भरतपुर, ओ.पी. चौधरी रायगढ़ और टंकराम वर्मा महासमुंद में आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

**प्रधानमंत्री—योग दिवस**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जन–आंदोलन के साथ ऐतिहासिक बनाने के लिए ग्राम पंचायतें पूरी तरह तैयार हैं। पिछले महीने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्राम प्रधानों से अपील की थी कि वे पंचायत क्षेत्र के लोगों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें। श्री मोदी ने उनसे योग को सामुदायिक जीवन का हिस्सा बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने का आग्रह किया है।

## विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस

आज विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस है। इस अवसर पर प्रदेश सहित देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि यह सिकल सेल रोग से पीड़ित लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि यह दिन इससे पीड़ित समुदायों को शिक्षित करने, शीघ्र निदान को बढ़ावा देने और चल रहे शोध को प्रोत्साहित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

वहीं, छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा है कि सिकल सेल रोग के उपचार के उपायों के प्रति लोगों को जागरूक करने और इस रोग को जड़ से खत्म कर स्वस्थ समाज का निर्माण करने का संकल्प लेने का दिन है।

राजधानी रायपुर स्थित सिकल सेल इंस्टीट्यूट में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सिकल सेल रोग से जंग जीतने वाले बच्चों का सम्मान किया गया। इस मौके पर सिकल सेल के पूर्व महानिदेशक अरविंद नेरल ने कहा कि सिकलसेल वह रोग नहीं रहा, जिससे डरना पड़े। समय पर जांच, नियमित उपचार और सामाजिक सहयोग से इसे पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है।

## मतदाता फोटो पहचान पत्र

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने का फैसला किया है। इसके लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत मतदाता सूची में नए मतदाताओं को शामिल करने या मौजूदा मतदाताओं के किसी भी विवरण में बदलाव के साथ ही नया पहचान पत्र पन्द्रह दिनों के भीतर उपलब्ध्‍ा करा दिया जाएगा। मतदाताओं को प्रत्येक चरण में एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं भी प्राप्त होंगी। इस पहल का उद्देश्य डेटा सुरक्षा बनाए रखते हुए सेवा वितरण को बढ़ाना है।

## चरण पादुका योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इक्कीस जून को जशपुर जिले के तपकरा में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेशव्यापी चरण पादुका वितरण योजना का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को चरण पादुका प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता हमेशा अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक न्याय और सुविधा पहुंचाना है। तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों का राज्य की अर्थव्यवस्था और वनोपज आधारित आजीविका में अमूल्य योगदान है। चरण पादुका योजना संकल्प पत्र का वादा था, जिसे पूरा करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ चरण पादुका का वितरण नहीं, बल्कि संग्राहक परिवार के स्वाभिमान और सुरक्षा का प्रतीक है।

गौरतलब है कि इस योजना के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार ने चालीस करोड़ रूपये की स्वीकृति दी है। यह योजना सीधे–सीधे राज्य के बारह लाख चालीस हजार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को लाभ पहुंचाएगी, जिन्हें चरण पादुका का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

## सहायक शिक्षक–समायोजन

प्रदेश में बीएड सहायक शिक्षकों का सहायक शिक्षक–प्रयोगशाला के पद पर समायोजन के निर्णय के बाद शिक्षकों की काउंसलिंग शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया छब्बीस जून तक चलेगी। काउंसलिंग रायपुर के शासकीय शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर में प्रतिदिन सुबह दस बजे से की जा रही है। सत्रह जून से शुरू हुई काउंसलिंग में अब

तक छह सौ एक शिक्षकों को बुलाया गया था, जिनमें पांच सौ पंचानवे शिक्षक शामिल हुए। जो शिक्षक नियत तिथि को काउंसलिंग में उपस्थित नहीं हो पाए हैं, वे काउंसलिंग के अन्य दिनों में उपस्थित हो सकते हैं।

**राज्यपाल–टीबी अभियान**

राज्यपाल रमेन डेका ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत छत्तीसगढ़ को वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस तक टीबी से मुक्त राज्य बनाने के लिए सघन प्रयास करने के निर्देश दिए हैं।
राज्यपाल ने आज राजभवन में स्वास्थ्य विभाग की आयुक्त सह–संचालक डॉक्टर प्रियंका शुक्ला को टीबी के गंभीर मरीजों की समुचित चिकित्सा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीबी मरीज जो बीच में ही दवा का सेवन बंद कर देते हैं, उन मरीजों पर विशेष ध्यान दिया जाए और उन्हें दवाई का कोर्स पूरा करने के लिए जागरूक करें। श्री डेका ने टीबी मरीजों को योगाभ्यास के लिए प्रोत्साहित करने को कहा, ताकि उनकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सकें। उन्होंने टीबी मरीजों को पर्याप्त पोषण आहार उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। श्री डेका ने इसके लिए अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाने को कहा।

**रथयात्रा–स्पेशल ट्रेन**

रेलवे द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आगामी छब्बीस जून से सात जुलाई तक गोंदिया–खुरदारोड–गोंदिया के बीच रथयात्रा स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन गोंदिया से एक बजकर तीस मिनट पर रवाना होकर दूसरे दिन आठ बजकर पैंतालीस मिनट पर खुरदारोड पहुंचेगी। ट्रेन का स्टापेज डोंगरगढ़, राजनांदगांव, दुर्ग, रायपुर, मंदिरहसौद, महासमुंद, बागबाहरा और खरियाररोड पर भी रहेगा।

**मौसम**

**मौसम का हाल...**

प्रदेश में कल एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर–झारखंड और उससे लगे गंगेटिक पश्चिम बंगाल के ऊपर एक निम्नदाब का क्षेत्र स्थित है। साथ ही ऊपरी हवा में एक चक्रीय चक्रवाती घेरा बना हुआ है। इसके धीरे–धीरे उत्तर–पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने की संभावना है। इसके असर से प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छीटें पड़ने की संभावना है। वर्षा का मुख्य क्षेत्र उत्तर छत्तीसगढ़ रहेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

–राज्यपाल रमेन डेका ने आज बेमेतरा जिले के प्रवास के दौरान ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत मौल श्री का पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

–शराब घोटाला मामले में झारखंड की एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने राजधानी रायपुर में लाभांडी स्थित एक सोसायटी से कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार किया है।

–दुर्ग जिले की भिलाई पुलिस ने एलआईसी सलाहकार सहित इकतीस लोगों के साथ दस लाख रूपए से अधिक की ठगी के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

–छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा कल बीस जून को एक दिवसीय आधार कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में आयोजित की जाएगी।

–जांजगीर–चांपा जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ की गई छापेमार कार्रवाई में सतासी वाहनों को जब्त किया गया है।

–कबीरधाम जिले की सहसपुर–लोहारा पुलिस ने पशु तस्करी करने के आरोप में पांच महिला सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से सत्ताईस पशु बरामद किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>